www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 26 जनवरी 2026 | 13 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 30, कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## अंक बंद रहेगा

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अतः 27 जनवरी के अंक का प्रकाशन नहीं होगा। हमारा अगला अंक अब 28 जनवरी को उपलब्ध होगा। -प्रबंधक

# 70 प्लस पेंशनर्स को 31 से पहले भुगतान

## पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में सीएम सुक्खू ने किया ऐलान

## बोले-हिमाचल प्रदेश के लाखों परिवारों को मिलेगी बड़ी राहत

## परागपुर को एसडीएम ऑफिस नलसूहा को पीएचसी की सौगात

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** पूर्ण राज्यत्व दिवस के मंच से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने न सिर्फ सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, बल्कि आने वाले समय की सियासी और विकासात्मक दिशा भी साफ कर दी। कांगड़ा जिले के परागपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मुख्यमंत्री ने भव्य परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली।

मंच संभालते ही उन्होंने प्रदेश के 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि उनका लंबित भुगतान 31 जनवरी से पहले कर दिया जाएगा। इस फैसले से राज्य के लाखों परिवारों को राहत मिलेगी और सरकारी खजाने पर करीब 90 करोड़ रुपए



पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह को संबोधित करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

का अतिरिक्त भार पड़ेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने परागपुर में उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय और जसवां परागपुर के गांव नलसूहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा की। प्रशासनिक और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी इन घोषणाओं को लंबे समय से चली आ रही स्थानीय मांगों की पूर्ति माना जा रहा है।

### ◆ परागपुर में हुआ राज्यस्तरीय समारोह

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आम आदमी को दफ्तरों और अस्पतालों के लिए दूर-दराज न भटकना पड़े।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने संबोधन में समृद्ध हिमाचल विजन डॉक्यूमेंट का भी उल्लेख किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और संतुलित विकास को केंद्र में रखकर नीति निर्धारण किया गया है। इसके साथ ही चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को तेज किया गया है, ताकि नशे की जड़ पर प्रहार किया जा सके।

### केंद्र से आपदा राहत दिलाने पर विपक्ष खामोश

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने आपदा प्रबंधन के मुद्दे पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने हाल के वर्षों में दो भीषण आपदाओं का सामना किया, लेकिन विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार से आपदा राहत दिलाने के लिए न तो दबाव बनाया और न ही प्रदेश के हित में मजबूत पैरवी की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद की, उचित मुआवजा दिया और गृह निर्माण के लिए आर्थिक सहायता की राशि बढ़ाई। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश भर में राजस्व अदालतों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे वर्षों से लंबित मामलों का मौके पर निपटारा हो रहा है।

### हर विस क्षेत्र में डे-बोर्डिंग और सीबीएसई स्कूल

**शिक्षा** के क्षेत्र में सरकार की नीति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में डे-बोर्डिंग स्कूल और सीबीएसई स्कूल खोले जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। पर्यटन को लेकर मुख्यमंत्री ने बड़ा विजन सामने रखते हुए कहा कि कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे होटल, टैक्सी, हस्तशिल्प और स्थानीय कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार करुणामूलक नीति पर गंभीरता से विचार कर रही है, ताकि पात्र परिवारों को समय पर न्याय और सहायता मिल सके।

# गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का पल : राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

77वां गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है। साल 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है।



### ◆ देशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी बधाई

उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेलकूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति कानून से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। वहीं, हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। नारी शक्ति पर उन्होंने कहा कि महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा सभी के जीवन में सुख, शांति तथा समृद्ध भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने संविधान के महत्व पर बल देते हुए इसे राष्ट्र की मार्गदर्शक शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत की एकता और अखंडता की भावना को और सुदृढ़ करता है। राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में हिमाचल प्रदेश द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि इसका श्रेय प्रदेशवासियों की मेहनत, समर्पण और सामूहिक प्रयासों को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रत्येक हिमाचली के लिए गर्व की बात है कि हिमाचल एक आदर्श राज्य के रूप में उभरा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे भारत को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

# गणतंत्र दिवस : ऊना के स्क्वाड्रन लीडर अमोल गर्ग कर्तव्य पथ पर उड़ाएंगे राफेल

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिले के सपूत स्क्वाड्रन लीडर अमोल गर्ग 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ के आसमान में राफेल फाइटर जेट से फ्लाई पास्ट करते हुए देशवासियों को सलामी देते नजर आएंगे। यह क्षण न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे ऊना जिले और हिमाचल प्रदेश के लिए ऐतिहासिक और भावुक करने वाला होगा।

भारतीय वायुसेना के इस प्रतिष्ठित और अत्यंत गौरवशाली फ्लाई-पास्ट का हिस्सा बनना हर पायलट के लिए एक असाधारण उपलब्धि मानी जाती है। अत्याधुनिक राफेल फाइटर जेट के साथ वज्रांग फॉर्मेशन में उड़ान भरना



उच्च स्तर की प्रशिक्षण क्षमता, अनुशासन, साहस और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। स्क्वाड्रन लीडर अमोल गर्ग का इस ऐतिहासिक परेड में चयन होना उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा को दर्शाता है। स्क्वाड्रन लीडर अमोल गर्ग की इस उपलब्धि से उनका परिवार भाव-विभोर है। उनकी इस सफलता के पीछे उनकी पत्नी अनामिका शर्मा, माता-पिता और पूरे परिवार का निरंतर सहयोग रहा है। हाल ही में विवाह बंधन में बंधे अमोल गर्ग को लेकर उनके ससुराल डोहगी क्षेत्र में भी उत्साह और खुशी का माहौल है। उनके ससुर इंजीनियर अरविंद शर्मा और सास सीमा शर्मा सहित समस्त परिजनों, रिश्तेदारों और मित्रों ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अमोल गर्ग और बेटी अनामिका शर्मा को हार्दिक बधाइयां दीं।

# हिमाचल के कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रेम को पद्मश्री

## 131 विभूतियों को पद्म पुरस्कार, धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, रोहित को पद्मश्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान के लिए चुना गया है। इस बार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत नेता शिबू सोरेन और गायिका अलका याज्ञनिक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है।



वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित समेत 113 लोगों को पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस सूची में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले से संबंध रखने वाले प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रेम लाल गौतम का नाम भी शामिल है। उन्हें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में उप महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान में डॉ. गौतम डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (बिहार) के कुलाधिपति और करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के प्रो-चांसलर के रूप में कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)

### विकसित की फसल की उन्नत किस्में

**डॉ.** प्रेम लाल गौतम का जन्म 12 दिसंबर 1947 को बिलासपुर में हुआ था। उन्होंने हिमाचल कृषि कॉलेज सोलन से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद, उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली से एमएससी और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ. गौतम कृषि आनुवंशिकी और पौध प्रजनन के क्षेत्र में देश के अग्रणी वैज्ञानिकों में से एक हैं। उन्होंने गेहूं, सोयाबीन, फॉक्सटेल मिलेट, राइस बीन, अमरनाथ और बकव्हीट सहित 12 से अधिक उन्नत फसल किस्मों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को मिलेगा अशोक चक्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। एस्ट्रोनॉट और एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, तीन को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र दिया जाएगा।



#### ◆ सेना के 3 अफसरों को कीर्ति चक्र और 13 को शौर्य चक्र

इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़ें कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### तेजस्वी यादव आरजेडी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**एजेंसी, पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आरजेडी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पटना के होटल मौर्य में आरजेडी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भोला यादव ने प्रस्ताव रखा, जिसपर सभी नेताओं ने सहमति जताई। बैठक में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती, संजय यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में बिहार चुनाव में मिली हार पर भी चर्चा हुई, जिसपर तेजस्वी ने कहा कि हमें सबकुछ भूलकर आगे बढ़ना है। (अनंत ज्ञान)



### हैदराबाद में गोदाम में लगी आग, 5 मजदूरों की मौत

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में नामपल्ली स्टेशन रोड पर शनिवार को फर्नीचर गोदाम में लगी आग में फंसे पांच लोगों के शव मिले हैं। तेलंगाना फायर एंड डिजास्टर रिस्पॉन्स के डीजी ने रविवार को बताया कि सभी शवों को उस्मानिया अस्पताल भेज दिया गया है। डीजी ने बताया कि ये सभी पीड़ित मजदूर थे, जिन्हें नियमों के खिलाफ गोदाम के बेसमेंट में रहने की जगह दी गई थी। दुकान मालिक के खिलाफ फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### बीबीसी के पत्रकार मार्क टुली का दिल्ली में निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (बीबीसी) के वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली का रविवार को निधन हो गया। वह लगभग 90 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती टुली के निधन की उनके करीबी मित्र और पत्रकार सतीश जैकब ने पुष्टि की। मार्क टुली का जन्म 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता में हुआ था। (अनंत ज्ञान)



## सिरमौर के रोनहाट में खाई में कार गिरने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रविवार को जिला सिरमौर के रोनहाट क्षेत्र में एक कार के बेकाबू हो कर गहरी खाई में गिरने से हुए दर्दनाक हादसे में एक 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों को खाई से रेस्क्यू करके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे कार का चालक किसी तरह से कार से छिटक कर बाहर आ गया। एसपी एनएस नेगी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर दिया गया है जांच जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रोनहाट के नजदीक एक ऑल्टो कार (एचपी85-0428) अनियंत्रित होकर तालाब खाला नामक गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, कार रोनहाट से शिलाई की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन तालाब खाला के पास पहुंचा, चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। कार पहले पहाड़ी से टकराई और उस दौरान चालक संतराम निवासी झकांडों झटके से बाहर गिर गया, जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें तीन युवक सवार थे। हादसे में 18 वर्षीय कुलदीप सिंह, पुत्र जीत सिंह, निवासी गांव शरोग डाकघर कांडो भटनोल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार 21 वर्षीय रघुवीर सिंह पुत्र संतराम, निवासी गांव झकांडों व 17 वर्षीय प्रकाश सिंह पुत्र सायबू राम, निवासी गांव मुंडियाड गंभीर रूप घायल हुए हैं।

# दो दिन भारी बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

## 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज तूफान चलने की भी आशंका

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 23 जनवरी को हुई भारी बर्फबारी के बाद पहाड़ी इलाकों में हालात अभी पूरी तरह सामान्य भी नहीं हो पाए हैं कि मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश के लिए चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 26 और 27 जनवरी के लिए राज्य में भारी बर्फबारी, बारिश, अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने की आशंका जताते हुए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान कई इलाकों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज तूफान चल सकता है, जिससे जनजीवन पर फिर



असर पड़ने की आशंका है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 26 जनवरी को प्रदेश के सभी 12 जिलों में अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट रहेगा। इस दिन कई क्षेत्रों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। 27 जनवरी को मौसम और ज्यादा बिगड़ने के आसार हैं। चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में भारी बर्फबारी और तेज तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शेष आठ जिलों में येलो अलर्ट रहेगा।

अनुमान है कि इस दौरान शिमला, कुफरी, मनाली, डलहौजी और अन्य पर्यटन स्थलों की वादियां एक बार फिर बर्फ से ढक जाएंगी। 28 और 29 जनवरी को भी ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम खराब रह सकता है।

### दो एनएच समेत 600 से ज्यादा सड़कें बंद

**राज्य** आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 600 से ज्यादा सड़कें बंद पड़ी हैं। ऊपरी शिमला के रोहड़ू, चौपाल, जुब्बल और कोटखाई जैसे क्षेत्रों का संपर्क तीसरे दिन भी जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। बर्फबारी का सीधा असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा है। प्रदेशभर में 5 हजार से ज्यादा ट्रांसफार्मर ठप हैं, जिससे कई इलाकों में ब्लैकआउट जैसी स्थिति बनी हुई है। सिरमौर जिले में सबसे ज्यादा 3,315 ट्रांसफार्मर खराब हैं।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू को जिंदा जलाया

**एजेंसी, ढाका।** भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक दुकान के अंदर मिला। परिवार ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है।

### ◆ दुकान में सो रहा था बाहर से लगा दी आग

### ◆ पिछले 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हुई हत्या

घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को मैमन सिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी। पिछले 40 दिनों 10 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# जजों का तबादला न्यायपालिका का आंतरिक मामला : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, पुणे**

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि जजों का ट्रांसफर न्यायपालिका का आंतरिक मामला है। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ फैसले देने वाले जजों का तबादला करना न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हस्तक्षेप है।

उन्होंने कहा कि जब कॉलेजियम के प्रस्ताव में ही यह दर्ज हो कि किसी जज का ट्रांसफर केंद्र सरकार के दोबारा विचार करने के कारण हुआ, तो यह कॉलेजियम सिस्टम की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। केंद्र सरकार का हाई कोर्ट जजों के ट्रांसफर या पोस्टिंग में कोई दखल नहीं हो सकता। यह पूरी तरह न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है और न्याय के बेहतर प्रशासन के लिए होना चाहिए। कॉलेजियम के फैसलों में कार्यपालिका के असर की यह खुली स्वीकृति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। देश के संविधान निर्माताओं ने संसद की संप्रभुता के बजाय संविधान की सर्वोच्चता को चुना। भारत में संसद सर्वोच्च नहीं है, संविधान सर्वोच्च है। गौर रहे कि अक्तूबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन का ट्रांसफर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बदलकर इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के बयान में यह दर्ज था कि यह बदलाव केंद्र सरकार के पुनर्विचार अनुरोध के बाद किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### ◆ भारत में संसद नहीं संविधान सर्वोच्च है

## मन की बात | 130वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी मतदाता दिवस की शुभकामनाएं, कहा-

# मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा, नए वोटर्स को बांटें मिठाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की।

उन्होंने भारत की परिवार व्यवस्था और परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में इसे कोतुहल के साथ देखा जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज की ताकत मिलने से हम बड़ी-बड़ी चुनौतियों को परास्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री




ने परिवार व्यवस्था को बढ़ाने को लेकर यूएई में हो रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने हाल ही में अपनी भारत यात्रा में उन्हें बताया कि वे अगला वर्ष परिवार के वर्ष के तौर पर मना रहे हैं। इसका मकसद है कि वहां के लोगों के बीच सौहार्द और सामूहिक भावना मजबूत हो ।

उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रडोक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### पीएम बोले- आज हर सेक्टर में हो रहा काम

**पीएम** ने स्टार्टप इंडिया पर कहा कि एआई, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोटेक्नोलॉजी... आप नाम लीजिए और आपको कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप उस सेक्टर में काम करता हुआ मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा दोस्तों को सलाम करता हू जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।

### उत्तर प्रदेश की तमसा नदी का किया जिक्र

**पीएम** ने उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ की तमसा नदी के लिए कहा कि लोगों ने तमसा नदी को नया जीवन दिया है। तमसा सिर्फ एक नदी नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की एक जीवित धारा है। यह नदी, जो अयोध्या से गुजरती है और गंगा में मिल जाती है, कभी इस क्षेत्र के लोगों के जीवन का आधार थी। हालांकि, प्रदूषण के कारण इसका लगातार प्रवाह बाधित हो गया था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▸▸ ब्यास नदी में रात को खनन पर पूर्ण प्रतिबंध -पेज 7
▸▸ अणु-बड़ू रोड का आधा-अधूरा निर्माण बना मुसीबत -पेज 8
▸▸ कांग्रेस ने हिमाचल की बहनों के साथ किया भद्दा मजाक: डॉ. बिंदल -पेज 9
▸▸ डलहौजी-खज्जियार मार्ग बर्फबारी से बंद -पेज 15

# गणतंत्र दिवस

## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

HAPPY Republic Day



**अजय पाल**
संवाददाता
मो. 8988185425



**राकेश डोगरा**
संवाददाता, डरोह
मो. 9816799396

### आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह के प्रधानाचार्य

**प्रदीप कुमार**

की ओर से समस्त देशवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं।



सेना से सेवानिवृत, समाज सेवक व **यूथ फिटनेस अकैडमी होला** के डायरेक्टर

**संजय चौधरी**

की ओर से सभी देशवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं।





**यूथ फिटनेस अकैडमी होला** बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण देती है। बहुत से नौजवान यहां से प्रशिक्षण लेकर पास हुए और भारतीय सेना व हिमाचल पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**रविन्द्र सिंह रवि**

राष्ट्रीय सचिव
ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर,
केंद्रीय ट्रेड यूनियन,
श्रम मंत्रालय भारत सरकार
द्वारा मान्यता प्राप्त एवं
सदस्य हिमाचल प्रदेश
भवन एवं अन्य निर्माण
कामगार कल्याण बोर्ड।





**श्रीमती मीनू सूद**
प्रधानाचार्या



**अजय सिंह**
प्रवक्ता रसायन विज्ञान
(राज्य पुरस्कार विजेता)
कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला

की तरफ से गणतंत्र दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




सेना से सेवानिवृत पूर्व प्रधानाचार्य, समाज सेवक व घृत-बाहती-चाहंग महासभा ब्लॉक सुलह के प्रधान

**रमेश चौधरी (होला)**

की ओर से सभी देशवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं।





**उर्वशी कटोच प्रधानाचार्या**

77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्लाह की ओर से समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। मेरी कामना है कि यह सुअवसर सभी देशवासियों के जीवन में नया जोश और नई स्फूर्ति लेकर आए, जिससे विकसित भारत के निर्माण को नई गति मिले। मैं महान विभूतियों का भी स्मरण करती हूं, जिनके संघर्ष से 26 जनवरी 1950 में आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ और साथ ही उन सभी वीरों को नमन करती हूं जिन्होंने अपने शौर्य से भारतीय गणतंत्र की रक्षा की है।

जय हिन्द।


**सीएसआईआर**
**हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान**
सीएसआईआर की एक संघटक प्रयोगशाला
पालमपुर (हि.प्र.) 176061

**संस्थान में निम्नलिखित व्यवसायिक उत्पादन प्रौद्योगिकियों एवं प्रक्रमण प्रक्रिया हेतु संपर्क करें-**

सगंध एवं औषधीय, पुष्प और औद्योगिक फसलों की सघन कृषि, हींग (*Ferula assa-foetida* L.) एवं केसर (*Crocus sativus* L.) की खेती, मोंक फ्रूट [Monk fruit (*Siraitia grosvenorii*)]: low calorie natural sweetner, Apple: low chilling variety apple, चाय मूल्यवर्धन, कुपोषण निवारण, एपीकल्चर, सेरिकल्चर, दालचीनी (Chinnamon), रोग-प्रतिरोधी क्षमता एवं स्वास्थ्य वर्धक खाद्य सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, कंपोस्ट बूस्टर: ठंडे प्रदेशों के लिए (Compost booster: cold region) Biofertilizer एवं अन्य लाभप्रद प्रौद्योगिकियाँ।

संपर्क करें:
निदेशक, सीएसआईआर - हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पालमपुर (हि.प्र.) 176061
टेलीफोन- 01894-230411, फैक्स 01894-230433,
ईमेल:director@ihbt.res.in, वेबसाइट:https://www.ihbt.res.in/en/


## *77th Republic Day Greetings*

*from*

## GGDSD College Rajpur (Palampur)

*On behalf of all the schools and college run and managed by GGDSD Education Society, Baijnath, On this proud occasion of our nation's Republic Day, we extend heartfelt wishes to all our countrymen.*

May the Tricolour always inspire us to Dream big, work hard, and build a brighter future for generations to come.

### *With warm Greetings*

| Dr. Vivek Sharma | Dr. Satish Chander Sharma | Sh U.R. Cheema | Dr Desh Bandhu |
|---|---|---|---|
| Executive Director | General Secretary, | Working President, | President |



एसजेवीएन
SJVN

# विद्युत उत्पादन से राष्ट्र का सशक्तिकरण







एक सतत् एवं समावेशी भविष्य के लिए हमसे जुड़ें।
आइए मिलकर प्राकृतिक ऊर्जा को अपनाएं, नवाचार को आगे बढ़ाएं
और एक उज्ज्वल, हरित भविष्य का निर्माण करें।

**पंजीकृत कार्यालय** : शक्ति सदन, कारपोरेट ऑफिस काम्पलैक्स, शनान, शिमला–171006, हिमाचल प्रदेश (भारत)

**सम्पर्क कार्यालय** : ऑफिस ब्लाक, टॉवर–1, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

## एसजेवीएन लिमिटेड
## SJVN LIMITED
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
'नवरत्न सीपीएसई'

www.sjvn.nic.in
@Sjvnlimited @Sjvnlimited @sjvnlimited










MCM DAV COLLEGE, KANGRA (H.P.)

Happy Republic Day

It is my proud privilege to wish each one of you a Happy Republic Day. May peace, happiness and prosperity be abundant throughout every corner of the nation and may these precious gifts last forever! Also, let's bow our heads in gratitude and respect to the great freedom fighters for their numerous struggles. Let's uphold our rich traditions and cherish our culture. A thousand salutes to this great nation of ours. I also take the opportunity to share with you that our College is known for excellence in academics, sports and extra curricular activities. Our students bring laurels to the College by getting merit positions in H.P. University results and other competitive examinations.

Dr. Baljeet Singh
Principal














हमीरपुर के निकट सलासी स्थित जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में मंत्री अनिरुद्ध सिंह फहराएंगे तिरंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को जिला हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस और होमगार्ड्स के अलावा एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स और अन्य टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन ने समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार को परेड की अंतिम रिहर्सल की गई। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मंत्री अनिरुद्ध सिंह सोमवार सुबह 11 बजे ब्वॉयज स्कूल के ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और शाम को शिमला लौट जाएंगे। सभी हमीरपुरवासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील भी की है।

### संत गुरु रविदास जी की शोभायात्रा 30 को

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** संत गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में झंडूता उपमंडल में 30 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सुबह 9 बजे डोल स्थित संत गुरु रविदास मंदिर से शुरू होगी, जिसे रमेश सहोत्रा और पूर्व जिला परिषद सदस्य काशी राम हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा विभिन्न गांवों से गुजरते हुए संत गुरु रविदास मंदिर घंडीर पहुंचेगी, जहां कांग्रेस नेता विवेक कुमार समापन करेंगे। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में प्रधान लच्छू राम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मंदिर कमेटी के सचिव परमेश्वरी लाल बंगा ने बताया कि शोभायात्रा के माध्यम से संत गुरु रविदास जी की शिक्षाओं–भाईचारा, समानता और प्रेम–का प्रचार किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### चिट्टे के खिलाफ संस्कार सोसायटी का जनसंपर्क अभियान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा चलाए जा रहे 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान' के तहत रविवार को क्षेत्र की सात पंचायतों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। टीम ने करलोटी, पपलाह, पलासला, छत, संड़यार, कपाहड़ा और कोटलु ब्रह्मणा पंचायतों में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर चिट्टा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्मानी ने कहा कि नशे की चपेट में आए युवाओं को दंड नहीं, बल्कि संवाद और मार्गदर्शन की आवश्यकता है, जबकि नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चिट्टा अब एक गंभीर सामाजिक संकट बन चुका है, जिससे निपटने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। अभियान के दौरान सभी पंचायतों में नशे के खिलाफ निगरानी और जागरूकता के लिए संयुक्त कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चिट्टे के आरोप में गिरफ्तार मां-बेटा रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, शशि सोनल, नादौन।** नादौन पुलिस ने चिट्टे के आरोप में गिरफ्तार झलाण गांव के योगेश व उसकी मां को नादौन पुलिस ने माननीय अदालत में पेश किया जहां अदालत ने दोनों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि आरोपियों के घर से पुलिस टीम ने 8.93 ग्राम चिट्टा, 0.48 ग्राम चरस, 1.01,800 रुपए नकद, एक 10 रुपए का अधजला नोट, वेइंग मशील, फॉयल पेपर तथा 3 गोला बारूद बरामद किया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जाएगी। एसएचओ ने बताया कि आरोपी योगेश कुमार के खिलाफ इससे पहले भी मामले दर्ज हैं और जेल की सजा भी भुगत चुका है।

### आनंदघाट में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत बलघाड़ स्थित आनंदघाट में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यातिथि बच्चन सिंह कपिल, सेवानिवृत्त एक्शन डीओ वाईएस यूनिवर्सिटी सोलन ने किया। मुख्यातिथि ने युवाओं से खेलों को अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ जीवनशैली का माध्यम बनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्साकशी और मटका फोड़ सहित पांच खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिलाभर की करीब 20 टीमें और लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन बैडमिंटन के मुकाबले खेले गए, जबकि दूसरे दिन मैराथन सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आयोजकों के अनुसार विजेता खिलाड़ियों और टीमों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

### बड़सर में युवा मतदाताओं को मिले पहचान पत्र

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़सर उपमंडल के बड़सर स्कूल में मनाया गया। उपमंडल अधिकारी (ना.) एवं 39-बड़सर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी स्वाति डोगरा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने उपस्थित लोगों को निष्पक्ष एवं प्रलोभनमुक्त मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रंगोली, स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्वाति डोगरा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि सही मतदान से ही विकास और जनकल्याण सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुरम सिंह भाटिया, स्कूल स्टाफ, चुनाव कार्यालय के अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अणू-बड़ू रोड का आधा-अधूरा निर्माण बना मुसीबत

## डंगे न लगने से धंसी सड़क, टिप्पर पलट जाता तो क्षतिग्रस्त हो जाता मकान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** शहर के साथ सटे अणू खुर्द इलाके में अणू-बड़ू रोड़ के आधे अधूरे काम की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यह काम पिछले डेढ़ साल से जारी है। लेकिन मुकम्मल होने का नाम नहीं ले रहा। जहां डंगे लगने हैं, वहां कई जगह अनदेखी की जा रही है। इसी वजह से अब जमीन के धंसने की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।

तकरीबन 4 किलोमीटर लंबे इस निर्माणाधीन रोड़ पर कई जगह पर देंगे नहीं लगाने की वजह से लोगों के मकानों को खतरा बना हुआ है। अब क्योंकि लंबे समय के बाद बारिश हुई है, इसी से पता लग रहा है कि डंगों के निर्माण में की गई अनदेखी लोगों का बड़ा नुकसान कर सकती है।

बीते रोज एक ट्रक इस सड़क पर कमजोर पुराना डंगा होने की वजह से धंस गया, मकान पर गिरते गिरते बचा। ट्रक वाले ने यदि और हरकत की होती, तो निश्चित रूप में मकान को नुकसान हो सकता था। लेकिन मकान मालिकों द्वारा हरकत में आने की वजह से बाद में इस धंसे हुए ट्रक को क्रेन से निकाला गया।

दरअसल में लोगों की नाराजगी यह है कि कई जगह पर इस सड़क का निर्माण मुकम्मल कर दिया गया है। लेकिन बहुत सारी जगहों पर अभी भी अधूरा है और पीडब्ल्यूडी को बार-बार बोलने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। जहां पर डंगे लगने हैं, वहां इनका निर्माण नहीं हो रहा। जिस वजह से लोगों में रोष भी है और क्वालिटी को लेकर भी वे सवाल उठा रहे हैं। अनु खुद के पास जहां डंगा धंसा वहां के मालिक पंचायत के पूर्व उपप्रधान पवन ठाकुर का कहना था कि कई बार विभाग को कहा गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

बीते रोज पीडब्ल्यूडी की इस अनदेखी की वजह से उनके मकान को नुकसान हो सकता था। लेकिन इसे अस्थाई तौर पर बचा लिया गया है। उन्होंने मांग की है कि जहां-जहां डंगों का निर्माण होना है, वह मुकम्मल किया जाए। उनके घर के पास भी जहां जमीन धंसी है, डंगा लगाया जाए।



मकान के पास सड़क किनारे धंसा टिप्पर। अनंत ज्ञान

### क्या कहते हैं एसडीओ

**इधर** एसडीओ संजय कटोच का कहना है कि काम जारी है और कुछ दिक्कतें थीं यहां पर, लेकिन अब काम मुकम्मल होने की स्थिति में आ चुका है। जिस जगह पर दिक्कत है, उसे हल किया जाएगा।

# डाडू राशन डिपो में राशन वितरण बना बड़ी समस्या, कार्डधारक परेशान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत डाडू के अंतर्गत आने वाले राशन डिपो में अव्यवस्थित राशन वितरण के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डिपो से जुड़े करीब 500 राशन कार्डधारक पिछले डेढ़ वर्ष से इस समस्या से जूझ रहे हैं। ग्राम सुधार सभा कमेटी बड़ोह के पूर्व उपप्रधान राकेश शर्मा उर्फ सोनी ने बताया कि राशन डिपो डाडू में स्थायी (परमानेंट) सेल्समैन की नियुक्ति न होने के कारण राशन वितरण केवल महीने में 10 दिनों तक ही सीमित रह जाता है। आमतौर पर राशन 5 या 6 तारीख तक डिपो में पहुंचता है, लेकिन वितरण 15 तारीख तक ही हो पाता है।

उन्होंने बताया कि डिपो में राशन वितरण के लिए दूसरे डिपो से सेल्समैन भेजा जाता है, जिसे दो डिपो का कार्यभार संभालना पड़ता है। ऐसे में समय पर सभी उपभोक्ताओं को राशन देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो पाता।

पिछले दो महीनों में तो हालात और भी खराब रहे। राशन महीने की 24 और 25 तारीख को पहुंचा, जिससे मात्र 5-6 दिनों में 500 कार्डधारकों को राशन वितरित करना नामुमकिन हो गया और कई लोगों को अगले माह तक इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि राशन लेने के लिए उन्हें सुबह 6 बजे ही डिपो पहुंचकर लाइन में लगना पड़ता है। लंबी कतारों में खड़े रहना आम बात हो गई है। बुजुर्गों, महिलाओं और मजदूर वर्ग को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

**◆ स्थायी सेल्समैन न होने से महीने में सिर्फ 10 दिन होता है राशन वितरण**

राकेश शर्मा ने कहा कि यदि डाडू राशन डिपो में स्थायी सेल्समैन की नियुक्ति कर दी जाए, तो पूरे महीने राशन वितरण संभव हो सकेगा और भीड़ की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर पहले भी मीडिया के माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आपूर्ति निगम से कई बार आग्रह किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सहायता सेवा संकल्प पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करवाई है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उन्हें धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



राशन डिपो के बाहर लोगों की लगी लंबी लाइन। अनंत ज्ञान

# 'माय भारत, माय वोट' थीम पर बिलासपुर में 'संडे ऑन साइकिल'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण के एसटीसी बिलासपुर द्वारा आज फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 'संडे ऑन साइकिल' के 58वें संस्करण का आयोजन किया गया। यह आयोजन साई और चुनाव कार्यालय बिलासपुर के सहयोग से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में 'माय भारत, माय वोट' थीम के अनुरूप किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में फिटनेस के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना रहा।

इस कार्यक्रम में कुल 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में जिला निर्वाचन अधिकारी, तहसीलदार, नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी तथा जिला युवा एवं खेल सेवाएं विभाग के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशेष रूप से 50 प्रथम बार मतदाता बने युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को आत्मसात किया। कार्यक्रम को 'माय भारत, माय वोट' पदयात्रा के रूप में आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को मतदान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# मतदान से ही जीवित रहता है लोकतंत्र : गंधर्वा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस रविवार को हमीरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलावासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत ने लंबे संघर्ष के बाद आजादी हासिल की और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाकर प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार दिया। यही अधिकार हमारे लोकतंत्र को जीवित रखता है, इसलिए हर मतदाता को निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

गंधर्वा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र में जनभागीदारी बढ़ाना है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई तथा नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए। इसके साथ ही मेरा युवा भारत केंद्र की मतदाता जागरूकता पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गंधर्वा राठौड़। अनंत ज्ञान

# कहलूर वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू, 32 टीमें ले रहीं भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** चेतना संस्था बिलासपुर के तत्वावधान में सदर ब्लॉक की दो दिवसीय कहलूर वॉलीबॉल प्रतियोगिता रविवार से बरमाणा में शुरू हुई। एसीसी सीमेंट उद्योग के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर विधायक त्रिलोक जमवाल ने किया। प्रतियोगिता में सदर ब्लॉक की 32 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन लघट सीनियर, धौनकोठी, खतेड़ जूनियर, ननावां, कैंचीमोड़ बरमाणा, नैहर 'ए', मल्यावर, हरनोड़ा, जमथल-11 व तारल ने अपने मुकाबले जीते।

विधायक त्रिलोक जम्वाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने चेतना संस्था द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के प्रयासों की सराहना की।

चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में खेलों की अहम भूमिका है। ब्लॉक स्तर के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। ब्लॉक स्तर पर विजेता टीम को 26 हजार, उपविजेता को 16 हजार व तृतीय स्थान को 11 हजार रुपए, जबकि जिला स्तर पर क्रमशः 61 हजार, 41 हजार व 21 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। ब्लॉक स्तर पर बेस्ट प्लेयर को 7500 और जिला स्तर पर 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# लोकतंत्र की असली ताकत है नागरिकों की भागीदारी : उपायुक्त



छात्राओं के साथ मुख्यातिथि उपायुक्त राहुल कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित कॉलेज सभागार में 16वां जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से निर्भीक, निष्पक्ष और प्रलोभनमुक्त मतदान की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण चुनाव में भागीदारी की शपथ दिलाई गई। उपायुक्त ने बताया कि जिला बिलासपुर में कुल 3,36,669 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें इस वर्ष 11,331 नए मतदाता जुड़े हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक व जागरूकता प्रस्तुतियों के माध्यम से लोकतंत्र का महत्व दर्शाया। इस दौरान नए मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में चुनाव कार्यालय के अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संतोषगढ़ में परिवार रजिस्टर डिजिटल करने का अंतिम चरण शुरू

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संतोषगढ़ में परिवार रजिस्टर डिजिटल करने में छूटे परिवारों को जोड़ने का कार्य आरंभ शुरू हो चुका है। नगर परिषद संतोषगढ़ के कार्यकारी अधिकारी हर्ष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी विकास विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर का डाटा डिजिटल करने हेतु घर-घर जाकर परिवार का सर्वेक्षण करने का कार्य पूरे प्रदेश में जनवरी 2025 में शुरू किया गया था।

इस कार्य को करने हेतु प्रदेश के आईटी डिपार्मेंट/डिजीटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस विभाग द्वारा मोबाइल ऐप तैयार की गई है और विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में इस कार्य को करने हेतु प्रत्येक नगर के सीएससी/लोक मित्र केंद्र संचालक को अधिकृत किया गया है। जिन्होंने डिजिटल परिवार रजिस्टर बनाने हेतु नगर परिषद संतोषगढ़ के घर-घर जाकर परिवार का सर्वे करने का कार्य किया था। अब इस सर्वेक्षण कार्य के अंतिम चरण में इस कार्य को पूर्णतः संपन्न करने हेतु जिन परिवारों का परिवार रजिस्टर का सर्वेक्षण कार्य अभी नहीं हुआ है, वह नगर परिषद कार्यालय में आकर एक फ़रवरी 2026 तक परिवार रजिस्टर डिजिटल करने में अपना नाम दर्ज करवाएं। इसके अतिरिक्त जिन परिवारों का परिवार रजिस्टर डिजिटल करने का सर्वे हो चुका है, वह नगरवासी नगर परिषद कार्यालय में आकर अपने परिवार की डिटेल को चेक भी कर सकते हैं।

कार्यकारी अधिकारी ने नगर परिषद के नुमाइंदों सहित नगर वासियों से अपील की है कि इस कार्य को सुगमता से संपूर्ण करने हेतु अधिकृत किए गए लोक मित्र केंद्र संचालक मनीश चब्बा और उनके सहायकों का सहयोग करते हुए अपने अपने परिवार की पूछी गई जानकारी प्रदान करें, ताकि शहरी विकास विभाग द्वारा किए जा रहे इस कार्य को सुगमता से संपूर्ण किया जा सके।

# पूर्ण राजयत्व दिवस पर लें हिमाचल को विकसित बनाने का संकल्प : अनुराग

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राजत्व दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूर्ण राजयत्व दिवस केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि का स्मरण नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है।

इस अवसर पर उन्होंने अपने दिल्ली स्थित आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को आगंतुकों के साथ सुना। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से साझा किए गए प्रेरक विचारों और जनभागीदारी के संदेशों ने सभी को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की नैसर्गिक सुंदरता की भूमि, देवी-देवताओं की पावन धरा, वीरों के शौर्य, पराक्रम व त्याग तथा पुरातन सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राजत्व दिवस पर मैं सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत की विकास यात्रा में हिमाचल प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह हमारा गौरव और हमारी ताकत है।

उन्होंने कहा कि पूर्ण राजत्व दिवस प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने के साथ-साथ भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। यह दिन हमें एकजुटता, सामाजिक समरसता और विकास के साझा लक्ष्य के लिए प्रेरित करता है। मैं बाबा बालकनाथ से राज्य की निरंतर प्रगति और सभी हिमाचल वासियों के कल्याण की कामना करता हूं तथा आह्वान करता हूं कि हम सभी मिलकर हिमाचल को विकसित प्रदेश बनाने का संकल्प लें।



मन की बात कार्यक्रम सुनते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

# आरुषि, चाहत और अंजलि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम



प्रतियोगिता के विजेता आयोजकों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** समाज सेवा समिति बंगाणा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा में निबंध लेखन, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। लगभग छह स्कूलों के 30 बच्चों ने हिस्सा लिया।

निबंध लेखन में राधिका व आरुषि धीमान ने प्रथम, अक्षिता व गरिमा ने द्वितीय, रूवी शर्मा व समीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में चाहत (हाई स्कूल बंगाणा) ने प्रथम, अंजली (आर्य पब्लिक) ने द्वितीय, देवेंद्र योगी ने तृतीय स्थान पाया। वाद-विवाद में अंजली व दीया ने प्रथम, अक्षिता व खुशी ने द्वितीय, मुस्कान व आकाश भारती ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान विजेताओं को क्रमशः 300, 250 और 200 रुपए नकद पुरस्कार दिए गए, साथ ही सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सभी बच्चों को आने-जाने का किराया और भोजन की सुविधा दी गई।

समाज सेवा समिति बंगाणा के पूर्व अध्यक्ष डीआर शर्मा को दो मिनट का मौन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मदनलाल शर्मा ने सभी गतिविधियों को जिम्मेदारी से निभाने और सहयोग देने का संकल्प दोहराया।

## सतर्कता ही बचाव, सोशल मीडिया पर सावधानी बेहद जरूरी

# फेक आईडी बनाकर पैसों की मांग, केस दर्ज

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** डिजिटल युग में सोशल मीडिया जहां लोगों के जीवन को आसान बना रहा है, वहीं इसका गलत इस्तेमाल समाज के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। रोजाना सोशल मीडिया अकाउंट हैक होने, फर्जी आईडी बनाने, ट्रोलिंग और ऑनलाइन ठगी के अनेक मामले सामने आ रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही लोगों को आर्थिक और मानसिक रूप से भारी नुकसान पहुंचा सकती है।

ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के कुश गोंदपुर बनेहड़ा निवासी आशीष शर्मा के साथ सामने आया है। पीड़ित आशीष शर्मा ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने रविवार को उनके नाम और तस्वीरों का दुरुपयोग करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हू-ब-हू उनकी असली आईडी जैसी एक फर्जी आईडी बना ली। इसके बाद आरोपी ने उनके दोस्तों और परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग शुरू कर दी।

आशीष शर्मा के अनुसार, आरोपी ने पैसों की मांग के साथ-साथ उनके करीबी लोगों से आपत्तिजनक भाषा और गाली-गलौच भी की, जिससे उनकी सामाजिक छवि को ठेस पहुंची। जब उनके मित्रों ने फोन कर इस संदिग्ध गतिविधि की जानकारी दी, तब उन्हें फेक आईडी बनाए जाने का पता चला। पीड़ित ने बिना देरी किए साइबर क्राइम बयूरो में इसकी शिकायत दर्ज करवाई। साइबर सेल अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और फर्जी आईडी बनाने वाले आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिनमें इमोशनल ब्लैकमेलिंग, नकली पुलिस या अधिकारी बनकर कॉल करना, फर्जी ट्रांजेक्शन की रसीद भेजकर ठगी, विदेश में फंसे दोस्त या रिश्तेदार के नाम पर पैसे मांगने जैसे तरीकों से लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। इस संबंध में एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सतर्कता में ही बचाव है। डिजिटल युग में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े हैं। लोगों को चाहिए कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी संदिग्ध मैसेज या पैसों की मांग पर तुरंत भरोसा न करें। किसी को भी अपना बैंक खाता, ओटीपी, एटीएम या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें।

उन्होंने यह भी अपील की कि यदि किसी के नाम से फेक आईडी बनती है या ऑनलाइन ठगी का संदेह हो, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाएं।

# माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** माता श्री चिंतपूर्णी जी के दरबार में रविवार को छुट्टी और हिमाचल दिवस के अवसर पर करीब 15,000 श्रद्धालु पहुंचे। मौसम खुशनुमा होने और धूप निकलने से भक्तों को ठंड से राहत मिली।

मंदिर प्रशासन ने सुगम दर्शन, सुरक्षा और लाइन व्यवस्था सुनिश्चित की। दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए लिफ्ट मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्थानीय पुलिस और होमगार्ड जवानों ने ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण में मदद की। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि सभी विभागों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सतत सेवाएं जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# छात्रों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में एनसीसी, एनएसएस और स्काउट-गाइड इकाई के सहयोग से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को अपनाने और निर्भीक व निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने मतदान के महत्व और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन निर्वाचक साक्षरता क्लब प्रभारी राजीव कुमार ने किया।

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# अनंत ज्ञान गणतंत्र दिवस विशेषांक बीबीएन

26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY




राम कुमार चौधरी
विधायक दून


विनोद धीमान
पुलिस अधीक्षक बद्दी


अशोक वर्मा
एएसपी बद्दी


परमजीत सिंह पम्मी
पूर्व विधायक दून


सुरजीत चौधरी
चेयरमैन नप बद्दी


पंकज भंडारी
सीईओ बबलू कम्यूनिकेशन


गुरप्रीत सिंह गब्बर
एमडी सरदार ज्वैलर्स


रजनीश ठाकुर
पत्रकार बीबीएन बद्दी


समस्त देश-प्रदेशवासियों को अग्रणी समाचार पत्र **अनंत ज्ञान** की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**अनंत ज्ञान के सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं का धन्यवाद।**

**ओम शर्मा : क्षेत्र प्रभारी अनंत ज्ञान औद्योगिक नगरी बीबीएन (हि.प्र.)**
Mob.: 70186-73558, 85809-13226
E-mail: omsharma78558@gmail.com

## KHURANA OLEA CHEMICALS

K Truth Builds Trust




समस्त देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




Vill. Maganpura, Ropar-Nalagarh Road, Teh. Nalagarh, Distt. Solan (H.P.)


मोहन चौहान
ब्यूरो चीफ अनंत ज्ञान सोलन ( हि.प्र. )


अरनव शर्मा
छात्र : सेंटवीर्स इंटरनेशनल स्कूल


यशस्वी शर्मा
यशू
बीबीएन बद्दी


रेखा शर्मा
जर्नलिस्ट
बीबीएन बद्दी


**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

प्रस्तुति : ओम शर्मा : एरिया इंचार्ज औद्योगिक क्षेत्र
बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन): 85809-13226
Mob.: 70186-73558 E-mail: omsharma78558@gmail.com

## MICRO TURNERS

MICRO TURNER
UNIT-VI

Micro Turners Group, founded in 1969 is one of the largest integrated automotive component manufacturers in India.




समस्त देश-प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

26 JANUARY
REPUBLIC DAY OF INDIA

Vill. Harraipur, P.O. Gurumajra, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

## GLL INDUSTRIES

Steelbird® Helmets




गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

Plot No. 18, EPIP Phase- I, Jharmajri, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

## JBR Technologies Pvt. Ltd.

JBR Technologies Ltd.

बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें।
बीबीएन की जनता से अनुरोध है गीला ओर सूखा कचरा अलग अलग करके दें।
कूड़ा चिहिन्ह स्थानों और डस्टविन में ही डालें, इधर उधर कूड़ा न फेंके।
पंचायतों द्वारा बीबीएन की पंचायतों में स्थापित कूड़ा एकत्रिकरण शेडों में ही कूड़ा डालें।
बद्दी साईं रोड़ बाजार व अन्य बाजारों के दुकानदार चिन्हित स्थानों पर ही कूड़ा डालें।
बीबीएन को साफ सुथरा रखने के लिए बीबीएनडीए का सहयोग करें।
सफाई कर्मियों से शालीनता पूर्वक व्यहवहार करें और उनका सहयोग करें।
सफाई व्यवस्था से संबंधित किसी भी समस्या और शिकायत के लिए बीबीएनडीए से संपर्क करें।




आप सब को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**CLEAN BBN-GREEN BBN**

स्वच्छता को अपनाना है
बीबीएन को सफा सुथरा बनना है

# गणतंत्र दिवस

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।





गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील ठाकुर



लहसुन कारोबारी सोलन

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



पदम पुंडीर
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



राजतिलक नेगी
अध्यक्ष,एसटी मोर्चा शहरी मंडल सोलन



विक्रमदित्य सिंह
लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री (हि. प्र.)

गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



राजीव कौड़ा
पार्षद वार्ड -14 व पूर्व डिप्टी मेयर,नगर निगम सोलन


गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



ओम आर्या
भाजपा नेता व समाजसेवी कसौली, जिला सोलन

Happy Republic Day 26 JANUARY

Pinegrove School
"We Aspire to Inspire..."



DHARAMPUR . SUBATHU
Distt. Solan HP

*An epitome in creating exalted lives… Pinegrove is a revered "Cradle of Excellence and Leadership".*


Pinegrove School is a fully-residential, co-educational, senior secondary school nestled in the most picturesque scenery of the Kasauli Hills in Distt Solan HP. The school is affiliated to the CBSE and is highly-reputed for its high standards in value education, excellent work-ethics, personality development and discipline, whilst maintaining the highest standards of academic, co-curricular and sporting excellence.

*Numerous Affiliations for greater exposure*

**USPs** *Unlike traditional schools, Pinegrove follows Best Practices in school education and is proud of its outstanding work-ethics, happy school environment and World Class Infrastructure.*

Scan for
An Overview of the School

**Some Unique Features**
- Individual Benchmarks for each student
- Bully-free, substance-abuse-free, cash-free and mobile-free school
- International Exchange Programmes
- High Order Pastoral Care
- School Hospital with Resident Doctor
- Hostel facilities from Age 6 onwards
- High moral and ethical standards
- Multiple Sporting facilities
- Telephone facility for children within Hostels





Distt. Solan, Himachal Pradesh, India
Tele: +91 98050 04115 |+91 01792 264105
Email: headmaster@pinegroveschool.com | Website: www.pinegrove.in

ठाकुर स्टोन क्रशर
की तरफ से
गणतंत्र दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कुठियाड़ी, तहसील अम्ब
जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश





Sandeep Thakur
(Prop.)
Mob. 7018209127



Lucky Thakur
(Manager)
Mob. 8219983383

## न्यूज ब्रीफ

### आशीष ने सवाहल में सम्मानित किए पूर्व सैनिक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विधायक आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत सवाहल में पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में पंचायत के 78 पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों को विधायक आशीष शर्मा ने अपनी ओर से सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय पंचायत के महिला मंडलों और बूथ कमेटी को भी सम्मानित किया। उन्होंने समारोह में पधारे पंचायत के सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पैरामिलिट्री, पुलिस, होमगार्ड से सेवानिवृत्त सैनिकों और सीमा पर तैनात जांबाजों के परिजनों का इस कार्यक्रम में पधारने पर आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि यहां जो पूर्व सैनिक विराजमान हैं, उन्होंने अपनी जवानी सरहदों पर देश रक्षा में व्यतीत की है। सरहद पर सैनिक अपनी सेवा देता है तभी पूरा देश चैन की नींद सोता है। सैनिकों का कर्ज कभी भी नहीं उतारा जा सकता है। आज केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सैनिकों और सरहद को बुलंद किया है, अब दुश्मन सरहद पार करने से पहले सौ बार सोचते हैं। सशक्त नेतृत्व के चलते आज देश की सैन्य शक्ति सुदृढ़ हुई है।

### बिजली भुगतान के लिए मिलेगा 15 दिन का नोटिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** हिमाचल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड (एचएसईबीएल) ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर केवल बिजली की खपत मापने का उपकरण है और इससे टैरिफ या बिलिंग नीतियों में कोई बदलाव नहीं होगा। सलाहकार अनुराग पराशर ने बताया कि 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा और बिल बढ़ेंगे भी नहीं। स्मार्ट मीटर वास्तविक खपत पर आधारित बिलिंग सुनिश्चित करता है और डेटा सीधे सेंट्रल डेटा सेंटर में भेजा जाता है। यह उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाएं, सटीक बिलिंग और हर 15 मिनट में खपत की जानकारी उपलब्ध कराता है। यदि कोई गड़बड़ी होती है, तो उपभोक्ता दूसरे स्मार्ट मीटर की स्थापना की अनुमति ले सकते हैं। बिल भुगतान में 15 दिन का नोटिस मिलेगा और भुगतान न होने पर विद्युत कनैक्शन डिस्कनेक्ट किया जा सकता है।

### आरोपी का मोटरसाइकिल भी निकला चोरी का

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हमीरपुर पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। हमीरपुर में दर्ज 13.83 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) की बरामदगी के मामले में ऊना जिले के सीमावर्ती क्षेत्र गोंदपुर जयचंद से गिरफ्तार मुख्य सप्लायर संदीप उर्फ लाडी को न्यायालय से पुलिस रिमांड मिला है। यह गिरफ्तारी सतत पूछताछ व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से प्राप्त अहम सुरागों के परिणामस्वरूप संभव हो सकी। एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि जांच के दौरान प्रयुक्त मोटरसाइकिल की गहन जांच में यह सामने आया कि वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी तथा वास्तविक रूप से यह मोटरसाइकिल चोरी की है। इस प्रकार नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ-साथ वाहन चोरी के एक गिरोह का भी पर्दाफाश हुआ है। हमीरपुर पुलिस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर इन मामलों में निश्चित रूप में नए सुरागों का पता भी लगाएगी।

# शरद सुंदरियों ने सर्द माहौल को किया गर्म

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** बर्फ से लकदक मनाली के सर्द माहौल को विंटर कार्निवाल में विंटर क्वीन बनने आई शरद सुंदरियों ने गर्म किया।

कार्निवाल के अंतिम दिन 10 सुंदरियों के बीच कड़े मुकाबले के साथ सुंदर कैटवॉक हुआ। उसके बाद जजों के प्रश्नों से घिरी सुंदरियों ने माहौल को ठंडा होने नहीं दिया। सुंदरियों को देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ जमी रही और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सुंदरियों का स्वागत होता रहा। फाइनल राउंड में सुंदरियों को क्वीन बनने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। विंटर कार्निवाल मनाली का सबसे बड़ा आकर्षण मानी जाने वाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता सबसे आकर्षण का केंद्र रही। फाइनल में जगह बनाने वाली सुंदरियों में स्नेहा, इशिता, जैस्मिन, संयोगिता, कनिका, पल्लवी, प्रीति, श्रेया, नैंसी और शानवी मनु रंग शाला में रंग जमाया। विंटर क्वीन प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभागियों ने अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद इन सुंदरियों की मौजूदगी ने मनाली के ठंडे मौसम को मानो स्वर्ग बनाया। अब सभी की निगाहें आज होने वाले फाइनल पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि किसके सिर सजेगा विंटर क्वीन मनाली का ताज। विंटर क्वीन प्रतियोगिता इस कार्निवाल की अहम प्रतियोगिता रहती है। मनाली में बर्फबारी के कारण दो दिन पूरी तरह से कार्निवाल का आयोजन नहीं हो सका। शरद सुंदरियों को देखने के लिए यहां खूब भीड़ रहती है और यह कार्यक्रम आकर्षक का केंद्र रहता है। विंटर क्वीन के कई राउंड हुए जिसमें इंट्रोडक्शन राउंड, ट्रेडिशनल राउंड, सेमीफाइनल राउंड और अब फाइनल राउंड हुआ जिसमें विंटर क्वीन चुनी गई है। 10 सुंदरियों ने मनु रंगशाला में रैंप पर उतरकर अपनी अदाओं और आत्मविश्वास से दर्शकों का दिल जीत लिया।



कार्निवाल के अंतिम दिन कैटवॉक करती प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

# एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम
## श्रीराम शोभा यात्रा का भव्य आगाज, उद्घोष से गूंजे क्षेत्र

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** एक की नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम के उद्घोष से रविवार को कई इलाके भक्तिमय हो गए।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा ने रविवार को कई इलाकों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। जय श्रीराम के जोरदार उद्घोष से क्षेत्र गूंज उठे। रविवार को अष्टभुजा माता मंदिर पांडवीं के परिसर से विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर निस्वार्थ सेवा संस्था पांडवीं ने जनसेवक एवं ऊखली पंचायत के उपप्रधान सुशील ठाकुर को प्रभु श्रीराम परिवार की सुंदर प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। शोभा यात्रा ऊखली, मैड़, भोटा, डिडवीं टिक्कर, ताल, अग्घार, पट्टा होते हुए ऊखली अष्टभुजा माता मंदिर पांडवीं में पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। हर जगह पर फूलों की बारिश होती रही तथा जय श्री राम के जयकारे लगते रहे। डिडवीं टिक्कर पहुंचने पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहां पर भक्त भगवान की भेंटो पर जमकर झूमे। अग्घार में शोभायात्रा में शामिल हुए भक्तों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया था। हजारों लोगों ने यहां दोपहर का भोजन ग्रहण किया। इसके उपरांत शोभा यात्रा पट्टा के लिए रवाना हुई। वहां पर भी जोरदार स्वागत किया गया। फाफण मोड पर फूलों से शोभायात्रा का अभिनंदन तथा ऊखली में भी जोरदार वेलकम किया गया। इसके उपरांत अष्टभुजा माता मंदिर के परिसर में शोभा यात्रा संपन्न हुई। बता दें कि भगवान श्रीराम की यह तीसरी शोभा यात्रा निकाली गई है।



### मतदान करके लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें युवा: विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय बीएड कॉलेज धर्मशाला के सभागार में आज रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने लोकतंत्र की सफलता में निर्वाचन के महत्व बारे बताया। उन्होने मतदाता दिवस की थीम 'माई इंडिया, माय वोट' पर चर्चा की।

उन्होंने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक होकर सभी चुनावों में मतदान करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने सभागार में उपस्थित नए मतदाताओं को वोटर कार्ड देकर सम्मानित किया। जिले के समस्त मतदाताओं से अपील की, कि भारत के लोकतन्त्र को सृदुढ़ करने के लिए लोकसभा और विधानसभा निर्वाचनों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में अपना नाम अवश्य दर्ज करवाऐं तथा प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करके लोकतान्त्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का मुख्य प्रयोजन नागरिकों में निर्वाचकीय जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# डलहौजी-खज्जियार मार्ग बर्फबारी से बंद

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी रहा, जिससे डलहजाी का कोना-कोना बर्फ की सफेद चादर में ढक गया है। लगातार हो रही बर्फबारी के साथ चल रही बर्फीली हवाओं ने ठंड को और बढ़ा दिया है। तेज ठंडी हवाओं के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं, डलहौजी से खज्जियार मार्ग यातायात के लिए हुआ बंद जिस कारण बगरोटा, लक्कड़मंडी, डैणकुंड में रहने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बस स्टैंड, सुभाष चौक, गांधी चौक में सैलानियों की काफी संख्या में चहल-कदमी देखने को मिल रही है। वहीं पेड़, छतें, सड़कें और पहाड़ पूरी तरह बर्फ से ढके हुए नज़र आ रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र मनमोहक दृश्य में बदल गया है। वहीं डलहौजी के कारोबारियों के चेहरे में खुशी देखी जा रही है क्योंकि लंबे अंतराल के बाद पर्यटकों का जमावड़ा डलहौजी में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए पहुंच रहा है,

बर्फबारी से जहां पर्यटकों के चेहरे खिले हुए हैं, वहीं फिसलन के कारण जाम में फंसी गाड़ियां लम्बी कतारों में लगी हुई है, और लोग पैदल चलने को मजबूर हो गये है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने व अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। मौसम के इस बदले मिज़ाज ने एक ओर डलहौज़ी की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं, वहीं दूसरी ओर कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। पर्यटकों के लिए यह मौसम किसी सौगात से कम नहीं है। वहीं प्रशासन द्वारा बनीखेत से डलहौजी यातायात के लिए मार्ग खोल दिया गया है लेकिन बर्फ की फिसलन से पर्यटकों की काफी गाड़ियां मार्ग में फंसी हुई है, वहीं डलहौजी से खज्जियार मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है।



बर्फबारी के कारण बंद हुआ डलहौजी-खज्जियार मार्ग। अनंत ज्ञान

### युवाओं और नागरिकों ने लिया मतदान का संकल्प

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत, कांगड़ा और साई, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, धर्मशाला के संयुक्त सहयोग से रविवार को भव्य मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को उनके मताधिकार के महत्व से अवगत कराना और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाना था। रैली की शुरुआत साई स्टेडियम से हुई और गांधी स्मारक तक पहुंचकर पुनः स्टेडियम में समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने 'मेरा वोट, मेरा अधिकार' जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। युवा संगठन, एनसीसी इकाइयां, शिक्षण संस्थान और नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए और मतदान के प्रति संकल्प लिया। उप निदेशक ध्रुव डोगरा ने बताया कि ऐसे आयोजन युवाओं में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। इस अवसर पर 23 नए मतदाताओं को पदक और बैज देकर सम्मानित किया गया। पालमपुर में भी नव दृष्टि युवा क्लब द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और रैलियां आयोजित की गईं।












**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**अशोक ठाकुर ब्यूरो चीफ पठानकोट (इंदौरा) मो. 94184-85666**

